केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र काउंसिल के चुनाव सम्पन्न, 20 छात्रों को शिक्षकों ने किया नामित

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र काउंसिल के चुनाव मंगलवार को सम्पन्न हुए। विवि की छात्र काउंसिल के लिए 20 छात्र विभागों के शिक्षकों ने जहां नामित किया, वहीं 20 पदों पर छात्रों ने अपने-अपने विभाग से चुन कर भेजा।

केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र काउसिंल के चुनाव 28 दिसंबर को कराएं जाने थे, लेकिन किसी कारणवश स्थगित कर दिए गए। इसके साथ केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से 3 जनवरी को छात्र काउसिंल के चुनाव निर्धारित किए गए थे। 29 दिसंबर को पात्र छात्रों ने चुनाव के नामांकन किया गया था। शाम के समय नामांकन पत्रों की जांच की गई। 30 दिसंबर को दोपहर 3 बजे नामांकन करने वाले छात्र अपना नामांकन वापस ले सकते थे।। शाम के नामांकन सूची का फाइनल प्रकाशन किया गया था। मंगलवार सुबह 10 से 2 बजे तक चुनाव हुए। देर शाम चुनाव परिणामों की घोषणा की गई। स्नातक में चुनाव लड़ने वाले की आयु 22 वर्ष, स्नातकोत्तर के लिए 25 वर्ष तथा पीएचडी के लिए 28 वर्ष निश्चित की गई थी। साथ ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के उपस्थित 75 प्रतिशत होनी अनिवार्य थी।

इन विभागों में ये छात्र हुए नामित

1. जैव रसायन विभाग: बादल मोरेश्वर
2 जैव प्राद्योगिक विभाग: धर्मेंद्र सिसोदिया
3 रसायन विज्ञान विभाग: सोमनाथ
4. सिविल इंजीनियरिंग विभाग: हर्ष राज
5. वाणिज्य विभाग: आरती
6. कंप्यूटर एंड इंजीनियरिंग विभाग: निमिषा झा
7. अंग्रेजी और विदेश भाषा विभाग: अलका नंदा
8. पर्यावरण अध्ययन विभाग: छवि चौहान
9. भूगोल विभाग: दीपक
10. हिंदी विभाग : रिंकू
11. इतिहास एवं पुरातत्व विभाग : अभय सिंह चौहान
12. पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग : सुशान मनु
13. पर्यटन और होटल विभाग: शिव प्रकार
14. पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग: टीना देवी
15. प्रबंधन अध्ययन विभाग: सुभम
16. सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग: जनार्दन सेन
17. गणित विभाग: नीरज मान
18. भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग: विजोय वर्मा
19. संस्कृत विभाग: नानिका
20 व्यावसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग: अभिषेक रामचंद्रन

इन छात्रों का हुआ चुनाव

मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया के दौरान छात्र काउंसिल के लिए अभिषेक, अंकित, टिंकू, अर्चना, शाकिर, अनमोल यादव, अक्षत पुष्पम, नितिन यादव, परमजीत सिंह, ओकेश, संदीप कुमार, उज्जवल, सुधीर, रक्षित, हार्दिक, गौरव सेनी, प्रदीप कुमार, मोनिका, हिमाशूं, अक्षय का चुनाव हुआ।

29 को शुरू हुई थी चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया

विश्वविद्यालय के छात्र काउंसिल के लिए 29 दिसंबर चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। 30 दिसंबर को चुनाव लड़ने छात्र अपना नामांकन वापस लेने की तारीख तय की गई थी। 3 जनवरी को चुनाव होने थे। मंगलवार को 34 विभाग के 20 पदों पर चुनाव शांतिपूर्वक हुए हैं।
आनंद शर्मा, केंद्रीय विश्वविद्यालय डीएसडब्ल्यू विभाग।

- 20 छात्र का शिक्षकों ने किया चयन, 20 छात्रों को वोटिंग के जरिए चुने गए
- छात्र काउंसिल में शामिल हुए 40 छात्र विद्यार्थियों की समस्याओं को विश्वविद्यालय प्रशासन से कराएंगे अवगत: आनंद शर्मा

केंद्रीय विवि में छात्र काउंसिल के चालीस विद्यार्थियों का किया चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र काउंसिल के चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुए। छात्र काउंसिल के 20 छात्रों का विश्वविद्यालय के शिक्षकों के चयन किया, जबकि 20 छात्रों का विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने वोटिंग के माध्यम से चयन किया। बता दें कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र कांउसिल के चुनाव 28 दिसंबर को कराए जाने थे, लेकिन किसी कारणवशं स्थागित कर दिए गए। इसके साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से तीन जनवरी को छात्र कांउसिल के चुनाव कराने के नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। छात्र काउंसिल के चुनाव के लिए 29 दिसंबर को पात्र छात्रों चुनाव के नामांकन किया। 30 दिसंबर तीन बजे नामांकन वापिसी का समय निर्धारित किया गया।

महेंद्रगढ़। चुनाव करवाते विश्वविद्यालय प्रशासन तथा विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते नवनिर्वाचित सदस्य।

छात्र काउंसिल के सदस्य करेंगे छात्र हित के कार्य

विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू आनंद शर्मा ने बताया कि छात्र काउंसिल के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए हैं। छात्र काउंसिल के 20 सदस्यों को शिक्षकों ने चुना है तथा 20 पदों के लिए चुनाव हुए हैं। छात्र काउंसिल सदस्यों के साथ समय-समय बैठक आयोजित की जाएंगी तथा उनसे छात्रों समस्याएं सुनी जाएंगी।

20 सदस्यों को छात्रों ने किया चयन

छात्र काउंसिल के 40 सदस्यों में से 20 के लिए चुनाव कराएं गए, जिसमें विभिन्न विभागों के छात्रों ने अपने विभाग के लिए छात्र काउंसिल सदस्य को वोटिंग के माध्यम से चुना। अभिषेक अवस्थी, अनिकेत, टिंकू गहलावत, अर्चना, अनमोल यादव, अक्षत पुष्पम, नितिन यादव, परमजीत सिंह, ओकेश, संदीप कुमार, उज्जवल, सुधीर, रक्षित, हार्दिक, गौरव सैनी, प्रदीप कुमार, मोनिका, हिमांशु व अक्षय मालड़ा ने जीत हासिल की।

शिक्षकों द्वारा छात्र काउंसिल के लिए चुने गए छात्र

विश्वविद्यालय के शिक्षकों की ओर से छात्र काउंसिल के 40 में से 20 का चयन किया गया। बादल मौरेश्वर, धर्मेंद्र सिसोदिया, सोमनाथ महाप्रताप, हंसराज, आरती, नीमिशा झा, अलका नांदा, छवि चौहान, रिंकू, अभय सिंह चौहान, शेरिल सुशान मनू, टीना देवी, शुभम, जनार्दन सैन, बिजोय वर्मा, कौशल विकास विभाग से अभिषेक रामचंद्रन का चयन किया गया।

हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

नारनौल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च डेवलपमेंट सेल के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादन: चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य विषय पर केंद्रित इस व्याख्यान में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी), ब्राजील के प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार चंदेल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी, शोधार्थी लाभांवित होंगे। विशेषज्ञ डॉ. अनुज कुमार चंदेल ने सरकुलर कार्बन इकोनोमी दृष्टिकोण के माध्यम से बायोएथेनॉल और मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोरिफाइनरीज पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान और आगामी बायोरिफाइनरी प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और आर्थिक चिंताओं से संबंधित चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी चर्चा की। सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया । प्रो. सुरेंद्र ने अपने संबोधन में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की डीन, अनुसंधान विकास सेल की निदेशक व शोध अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने अपने संबोधन में सतत विकास के लिए बायोरिफाइनरी विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके ज्ञानवर्धक व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ की सराहना की। विभाग द्वारा आयोजित इस विशेषज्ञ व्याख्यान के आयोजन सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार सैनी थे और इस व्याख्यान के सफल आयोजन में प्रो. गुंजन गोयल, डॉ. अविजीत और डॉ. विनोद ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के अंत में प्रो. विकास बेनीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. कांति प्रकाश, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. अनीता कुमारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च डेवलपमेंट सेल के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादनः चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य विषय पर केंद्रित व्याख्यान में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी), ब्राजील के प्रो. डॉ. अनुज कुमार चंदेल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी, शोधार्थी लाभान्वित होंगे। विशेषज्ञ डॉ. अनुज कुमार चंदेल ने सरकुलर कार्बन इकोनोमी दृष्टिकोण के माध्यम से बायोएथेनॉल और मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोरिफाइनरीज पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. कांति प्रकाश, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. अनीता कुमारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे। संवाद

हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान: बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादन

विशेषज्ञ व्याख्यान में डॉ. अनुज कुमार चंदेल को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च डेवलपमेंट सेल के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादनः चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य विषय पर केंद्रित इस व्याख्यान में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी), ब्राजील के प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार चंदेल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी, शोधार्थी लाभांवित होंगे। विशेषज्ञ डॉ. अनुज कुमार चंदेल ने सरकुलर कार्बन इकोनोमी दृष्टिकोण के माध्यम से बायोएथेनॉल और मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोरिफाइनरीज पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान और आगामी बायोरिफाइनरी प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और आर्थिक चिंताओं से संबंधित चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी चर्चा की।

सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. सुरेंद्र विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की डीन, अनुसंधान विकास सेल की निदेशक व शोध अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने अपने संबोधन में सतत विकास के लिए बायोरिफाइनरी विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. जितेंद्र कुमार सैनी विशेष रूप से मौजूद थे और इस व्याख्यान के सफल आयोजन में प्रो. गुंजन गोयल, डॉ. अविजीत और डॉ. विनोद ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के अंत में प्रो. विकास बेनीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. कांति प्रकाश, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. अनीता कुमारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादन : चुनौतियां विषय पर व्याख्यान

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल आफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च डेवलपमेंट सेल के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादनः चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य विषय पर केंद्रित इस व्याख्यान में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी), ब्राजील के प्रोफेसर डा. अनुज कुमार चंदेल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी, शोधार्थी लाभांवित होंगे।

विशेषज्ञ डा. अनुज कुमार चंदेल ने सरकुलर कार्बन इकोनोमी दृष्टिकोण के माध्यम से बायोएथेनाल और मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोरिफाइनरीज पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान और आगामी बायोरिफाइनरी प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और आर्थिक चिंताओं से संबंधित चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी चर्चा की। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. सुरेंद्र ने अपने संबोधन में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की डीन, अनुसंधान विकास सेल की निदेशक व शोध अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने अपने संबोधन में सतत विकास के लिए बायोरिफाइनरी विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके ज्ञानवर्धक व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ की सराहना की। विभाग द्वारा आयोजित इस विशेषज्ञ व्याख्यान के आयोजन सचिव डा. जितेंद्र कुमार सैनी थे और इस व्याख्यान के सफल आयोजन में प्रो. गुंजन गोयल, डा. अविजीत और डा. विनोद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के अंत में प्रो. विकास बेनीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. कांति प्रकाश, डा. मोना शर्मा, डा. अनीता सिंह, डा. अनीता कुमारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान में डा. अनुज कुमार चंदेल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ● सौ. हकेंवि

महेंद्रगढ़। विशेषज्ञ व्याख्यान में डॉ. अनुज चंदेल को स्मृति चिह्न भेंट करते।

सूक्ष्मजीव विज्ञान पर व्याख्यान आयोजित

■ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षकों ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च डेवलपमेंट सेल के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादन चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य विषय पर केंद्रित इस व्याख्यान में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी), ब्राजील के प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार चंदेल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी, शोधार्थी लाभांवित होंगे। विशेषज्ञ डॉ. अनुज कुमार चंदेल ने सरकुलर कार्बन इकोनोमी दृष्टिकोण के माध्यम से बायोएथेनॉल और मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोरिफाइनरीज पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान और आगामी बायोरिफाइनरी प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और आर्थिक चिंताओं से संबंधित चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी चर्चा की। सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. सुरेंद्र ने अपने संबोधन में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। डीन, अनुसंधान विकास सेल की निदेशक व शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने अपने संबोधन में सतत विकास पर प्रकाश डाला।

'बायो रिफाइनरीज में सैल्युलोसिक शूगर का बड़े पैमाने पर उत्पादनः चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य' विषय पर व्याख्यान आयोजित

महेंद्रगढ़, 4 जनवरी (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च डिवैल्पमैंट सैल के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। बायो रिफाइनरीज में सैल्युलोसिक शूगर का बड़े पैमाने पर उत्पादनः चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य विषय पर केंद्रित इस व्याख्यान में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यू.एस.पी.), ब्राजील के प्रो. डॉ. अनुज कुमार चंदेल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी, शोधार्थी लाभांवित होंगे।

अतिथियों को सम्मानित करते प्रवक्ता।

विशेषज्ञ डॉ. अनुज कुमार चंदेल ने सर्कुलर कार्बन इकोनॉमी दृष्टिकोण के माध्यम से बायो एथेनॉल और मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए लिग्नो सैल्यूलोसिक बायो रिफाइनरीज पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान और आगामी बायो रिफाइनरी प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और आर्थिक चिंताओं से संबंधित चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी चर्चा की।

सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. सुरेंद्र ने अपने संबोधन में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की डीन, अनुसंधान विकास सैल की निदेशक व शोध अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने अपने संबोधन में सतत विकास के लिए बायो रिफाइनरी विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके ज्ञानवर्धक व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ की सराहना की।

विभाग द्वारा आयोजित इस विशेषज्ञ व्याख्यान के आयोजन सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार सैनी थे और इस व्याख्यान के सफल आयोजन में प्रो. गुंजन गोयल, डॉ. अविजीत और डॉ. विनोद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजन के अंत में प्रो. विकास बेनीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. कांति प्रकाश, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. अनीता कुमारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

Expert Lecture Organised in CUH

Deepti Arora
info@impressivetimes.com

MAHENDARGARH: Department of Microbiology, School of Interdisciplinary & Applied Sciences (SIAS) in association with Research Development Cell, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh organized an expert lecture on 'Large Scale Production of Cellulosic Sugar in Biorefineries: Challenges and Perspectives'. The lecture was delivered by the invited expert Dr. Anuj Kumar Chandel, who is working as a Professor at Department of Biotechnology, Engineering School of Lorena (EEL), University of São Paulo (USP), Brazil. The lecture focused on the lignocellulosic biorefineries for the production of bioethanol and value-added products via circular carbon economy approach. He also discussed the challenges and possible solutions for current and upcoming biorefinery technology, especially those related to technology, environmental and economic concerns. Prof. Surender Singh, HoD, Department of Microbiology and Convener of the lecture welcomed the guests and invited speaker. In his introductory remarks Prof. Surender discussed the theme of the lecture. He highlighted the achievements of the Department of Microbiology and Central University of Haryana. Prof. Neelam Sangwan, Director Research development cell and Dean SIAS and Dean Research in her concluding remarks highlighted the importance of biorefinery development for sustainable development and appreciated the expert for his brilliant and enlightening lecture. Dr. Jitendra Kumar Saini, Assistant Professor, Department of Microbiology was the organizing secretary for the expert lecture.

इनोवेशन हरियाणा के प्रोफेसर की मशीन को पेटेंट मिला, कीमत सिर्फ एक लाख रुपए

धुएं, प्रदूषित कणों को फिल्टर कर शुद्ध ऑक्सीजन देगी स्वदेशी मशीन; सौर ऊर्जा से काम, चलाने का खर्च नहीं

सुरेंद्र भारद्वाज . कैथल (हरियाणा)

देश के कई शहरों में प्रदूषण के चलते लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कुछ शहरों में तो प्रदूषित कणों की मात्रा बेतहाशा बढ़ गई है। इस समस्या से निपटने के लिए हरियाणा के एक प्रोफेसर ने स्वदेशी टेक्नोलॉजी से ऐसी मशीन तैयार की है, जो हवा से प्रदूषित कणों को सोखकर शुद्ध ऑक्सीजन देगी। बाजार में फिलहाल इस काम के लिए विदेशी मशीनें ही मिलती हैं, जो भी पर्याप्त मेंटेनेंस न मिल पाने के चलते जल्द कबाड़ हो जाती हैं।

प्रो. हरीश कुमार

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (महेंद्रगढ़) केमेस्ट्री के सीनियर प्रोफेसर हरीश कुमार की यह मशीन वातावरण से दूषित हवा सोखकर चार प्रक्रिया से गुजरने के बाद शुद्ध हवा देती है। फिल्टर होने के बाद जो सोडियम कार्बोनेट बचता है, उसका इस्तेमाल साबुन और डिटर्जेंट तैयार करने में हो सकता है। ज्यादा प्रदूषण का स्तर वाली जगहों पर भी यह मशीन अच्छे नतीजे देती है। करीब एक लाख रुपए की इस मशीन को सरकार से भी पेटेंट मिल चुका है। प्रो. कुमार इससे पहले भी 5 पेटेंट रजिस्टर्ड करवा चुके हैं।

मशीन चलने पर कोई खर्च नहीं: प्रो. कुमार बताते हैं कि यह मशीन दिन में सौर ऊर्जा से तो रात के वक्त बैटरी से चलेगी। किसानों की जो पराली जलाने से प्रदूषण होता है, उससे भी काफी हद तक निजात मिलेगी। देश के महानगरों में भी प्रदूषण का स्तर ज्यादा है। प्रो. कुमार का दावा है कि पीक अवर में मशीन को सड़कों पर ले जाया जाए तो फिर वहां पर भी प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्र और फैक्टरियों में यह मशीन कारगर है। प्रो. कुमार के मुताबिक मशीन को बड़े पैमाने पर बनाया जाए तो इसकी लागत आधी से भी कम भी हो सकती है। वे इस प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर लागू करवाने के केंद्र सरकार से बात कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह शोध समाज हित में व आमजन को पर्यावरण की समस्याओं से मुक्ति दिलाने वाला है।

फिल्ट्रेशन की चार महत्वपूर्ण स्टेज

1. दूषित हवा का माइक्रो फिल्ट्रेशन होगा। इसमें बड़े-बड़े मिट्टी के कणों को अलग करते हैं।
2. नैनो फिल्टरेशन में धूल के छोटे कण व धुएं में मौजूद कार्बन के कणों को अलग किया जाता है।
3. दूषित हवा का केमिकल ट्रीटमेंट होगा। उसे सोडियम हाइड्रोक्साइड सॉल्यूशन से गुजारते हैं, इससे कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित होती है। फिर वह सोडियम कार्बोनेट में बदल जाती है।
4. दूषित हवा को लिक्विड कार्बन डाइऑक्साइड व नाइट्रोजन गैस से गुजारते हैं। इसके बाद मशीन से शुद्ध ऑक्सीजन मिलने लगती है।

कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन

महेंद्रगढ। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव रसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के डॉ. इम्तियाज कमर द्वारा संपादित पुस्तक का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के क्षेत्र में काम कर रहे अकादमिक पेशेवरों के लिए के लिए काफी प्रासंगिक है। 'नॉवेल थेरप्यूटिक अप्रोचेस टारगेटिंग ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस' पुस्तक की पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर कुमार को भेंट की। प्रो. मौर्य ने कहा कि यह पुस्तक विभिन्न रोगों में ऑक्सीडेटिव तनाव की भूमिका को कवर करती है और ऑक्सीडेटिव तनाव को लक्षित करने के लिए दृष्टिकोणों की पड़ताल करती है। संवाद

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया पुस्तक का विमोचन

पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार● सौ. हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के जैवरसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के जैवरसायन विज्ञान विभाग के डा. इम्तियाज कमर द्वारा संपादित नावेल थेरप्यूटिक अप्रोचेस टारगेटिंग आक्सीडेटिवस्ट्रेस पुस्तक का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया।

पुस्तक के संपादकों की प्रशंसा करते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक आक्सीटेटिव स्ट्रेस के क्षेत्र में काम कर रहे अकादमिक पेशेवरों के लिए के लिए काफी प्रासंगिक है।

पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर कुमार को भेंट की गई। पुस्तक के संपादक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि यह पुस्तक विभिन्न रोगों में आक्सीडेटिव तनाव की भूमिका को कवर करती है और साथ ही उपचार व निदान के लिए आक्सीडेटिव तनाव को लक्षित करने के लिए नवीनतम तरीकों और दृष्टिकोणों की पड़ताल भी करती है। इस अवसर पर प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. संजीव कुमार एवं डॉ. विकास कुमार भी उपस्थित रहे।

कुलपति ने किया नॉवेल का विमोचन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विवि के जैवरसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के जैवरसायन विज्ञान विभाग के डॉ. इम्तियाज कमर द्वारा संपादित पुस्तक नॉवेल थेरप्यूटिक अप्रोचेस टारगेटिंग ऑक्सीडेटिवस्ट्रेस का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक ऑक्सीटेटिव स्ट्रेस के क्षेत्र में काम कर रहे अकादमिक पेशेवरों के लिए के लिए काफी प्रासंगिक है। पुस्तक की पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर कुमार को भेंट की गई।

दो विद्यार्थी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चयनित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के दो विद्यार्थियों का चयन 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 के लिए हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी। एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों राधिका और राकेश का चयन 12 से 16 जनवरी तक हुबली धरवाड़ कर्नाटक में आयोजित होने वाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 के लिए हुआ है। संवाद

हकेवि के दो विद्यार्थी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए हुए चयनित

महेंद्रगढ़ | हकेवि, महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के दो विद्यार्थियों का चयन 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की।

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवकों राधिका और राकेश का चयन 12 से 16 जनवरी 2023 तक हुबली धरवाड़ कर्नाटक में आयोजित होने वाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। प्रो. चहल ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विद्यार्थियों का चयन हम सभी के लिए गर्व की बात है। ऐसे अवसर विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हैं।

केंद्रीय विश्वविद्यालय से सतनाली व लोहारू की होगी कनेक्टिविटी

भास्कर न्यूज | नारनौल

हरियाणा सरकार ने विकास परियोजनाओं के लिए स्वेच्छा से सरकार को दी जाने वाली जमीन की खरीदने के लिए नीति बनाई है। विकास परियोजनाओं के लिए जमीन देने के इच्छुक किसान ई-भूमि हरियाणा पोर्टल पर अपनी सहमति दे सकते हैं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जो भी विकास कार्य होने हैं उनके लिए जमीन की व्यवस्था इस पोर्टल के माध्यम से करवाई जाए।

यह निर्देश उपायुक्त डॉ. जयकृष्ण आभीर ने मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ हुई ई-भूमि हरियाणा पोर्टल के संबंध में हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद अधिकारियों को दिए। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2017 को एक नीति अधिसूचित की है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य किसानों को भूमि की मजबूरन बिक्री करने से रोकना और हरियाणा राज्य में विकास परियोजनाओं के लिए स्थल निर्धारित करते समय निर्णय लेने में भूमालिकों को शामिल करना है। इस नई व्यवस्था के तहत सरकार उन भूमि मालिकों के बारे में जानकारी हासिल कर सकेगी जो किसी विशेष परियोजना के लिए सरकार को अपनी जमीन बेचने के लिए तैयार हो जाएं।

जिला महेंद्रगढ़ में ऐसे ही एक प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए उपायुक्त ने मुख्य सचिव को बताया कि ग्रामीण आम सहमति से धौली-नांगलमाला-नावा- सतनाली की ओर जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ दो-दो करम की जमीन देने के लिए तीनों गांव के नागरिक सहमत हैं। उपायुक्त ने बताया कि यह रोड बनने के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से सीधे सतनाली और लोहारू की कनेक्टिविटी हो जाएगी। इससे न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि आसपास के अन्य जिलों को भी फायदा होगा। यह लगभग 6 किलोमीटर लंबा रास्ता है। धौली गांव से शुरू में यह 2 किलोमीटर लंबाई तक चार करम का रास्ता है। इससे आगे 66 फिट चौड़ा रास्ता है। इस 2 किलोमीटर रास्ते के लिए ग्रामीण आम सहमति होने के बाद ई-भूमि पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।

हकेंवि के दो विद्यार्थी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चयनित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के दो विद्यार्थियों का चयन 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवको राधिका और राकेश का चयन 12 से 16 जनवरी तक हुबली धरवाड़ कर्नाटक में आयोजित होने वाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। प्रो. चहल ने कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विद्यार्थियों का चयन हम सभी के लिए गर्व की बात है। ऐसे अवसर विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हैं।

स्वयंसेवक राकेश

स्वयंसेविका राधिका

2 विद्यार्थियों का युवा महोत्सव के लिए चयन

महेंद्रगढ़, 11 फरवरी (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 2 विद्यार्थियों का चयन हुबली में होने वाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2023 के लिए हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी है।

दैनिक ट्रिब्यून

हकेवि के दो विद्यार्थी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राधिका राकेश

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के दो विद्यार्थियों का चयन 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित स्वयंसेवको को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक राधिका व राकेश का चयन 12 जनवरी से 16 जनवरी तक हुबली धरवाड़ कर्नाटक में आयोजित होने वाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2023 के लिए हुआ है। पांच दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ पीएम करेंगे। प्रो. चहल ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विद्यार्थियों का चयन हम सभी के लिए गर्व की बात है।

मशीन में फिल्टर होने के बाद बचने वाले पदार्थ से तैयार होंगे घरेलू प्रोडक्ट

केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. हरीश कुमार ने तैयार की स्वदेशी मशीन, पर्यावरण से प्रदूषण को अलग करके देगी स्वच्छ सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बना हुआ हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण कई बीमारियां भी पैदा हो रही हैं। सरकार की ओर प्रदूषण को रोकने के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं, लेकिन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. हरीश कुमार ने एक ऐसी स्वदेशी मशीन बनाई है जो प्रदूषण के कणों को सोखकर शुद्ध ऑक्सीजन बनाने का काम करती हैं। उनके इस शोध को केन्द्र सरकार की तरफ से पेटेंट भी मिल चुका हैं।

इस तरह से काम करेगी मशीनः

यह मशीन वातावरण से दूषित हवा को सोखकर चार प्रक्रिया से गुजरने के बाद शुद्ध हवा देती है। फिल्टर होने के बाद जो सोडियम कार्बारेनेट बचता है, उसका इस्तेमाल साबुन व डिटर्जेंट तैयार करने में हो सकता है। यह मशीन पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा पर आधारित है। यह मशीन दिन में सौर ऊर्जा व रात के समय बैटरी से चलेगी। इस मशीन से प्रदूषण को रोकने में काफी मदद मिलेगी। अगर पीक हॉवर में इस यंत्र को सड़कों आदि पर घूमा दिया जाए तो फिर वहां पर भी प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। बढ़ता प्रदूषण देश के लिए एक बड़ी समस्या बन चुका हैं। प्रदूषण के कारण सांस लेने में तकलीफ, दमा सहित अनेक प्रकार के रोग होते है। आंखों का मचलना या उनका लाल होना आम बात होती है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के सीनियर प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा तैयार की गई मशीन के माध्यम से पर्यावरण से धूएं तथा कार्बन के कणों को आसमान से अलग निकाल लिया जा सकेगा। इस प्रक्रिया में सोडियम कार्बारेनेट बनेगा उसे बाजार में भी उचित कीमत पर बेचा जा सकता है। इस सोडियम कार्बारेनेट का चुन्ना बनाने, वाशिंग पाउडर तथा साबुन बनाने व पेपर बनाने में बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जा सकेगा। इसके साथ ही यह तरीका बिल्कुल साधारण है। इसको कोई भी व्यक्ति कर आसानी से कर सकता है।

पांच पेंटेट हो चुके है प्रकाशित

महेंद्रगढ़। प्रो. हरीश कुमार को सम्मानित करते कुलपति।

प्रोफेसर हरीश कुमार को केन्द्र सरकार की तरफ से पेंटेट भी मिला है। प्रोफेसर हरीश के इससे पहले भी पांच पेंटेट प्रकाशित हो चुके है। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य एक ही है कि किस तरह से पर्यावरण को आने वाली पीढ़ी के लिए सही, साफ व स्वच्छ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह उनका पर्यावरण स्वच्छ रखने में एक छोटा सा प्रयास है। इस तरह से न केवल आसमान में जो कोहरा छाया रहता है वह दूर होगा, बल्कि पर्यावरण भी साफ रहेगा। इस यंत्र की कीमत एक लाख रुपये है। इस यंत्र को अगर बड़े पैमाने पर बनाया जाए तो इसकी कीमत आधी से भी कम भी हो सकती है। प्रोफेसर हरीश कुमार ने कहा कि वो इस प्रोजेक्ट को केन्द्र सरकार के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर करने के बातचीत चल रही है।

कुलपति ने दी प्रो. हरीश कुमार को बधाई

महेंद्रगढ़। प्रो. हरीश कुमार द्वारा बनाई गई स्वदेशी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह शोध समाजहित में है तथा आमजन को पर्यावरण की समस्याओं से मुक्ति दिलाने वाला है। उन्होंने कहा कि इस शोध की सबसे बड़ी बात यह है कि इससे हम पराली रूपी जो खतरनाक धुआं है, उससे भी मुक्ति मिलेगी, क्योंकि यह यंत्र आसमान से दूषित हवा को सोखने का कार्य करेगा। इससे न केवल पर्यावरण साफ होगा साथ ही सोडियम कार्बारेनेट का बड़े पैमाने पर उत्पादन करके हम इसको जिंदगी में साबुन, कागज आदि में भी प्रयोग करके आम आदमी की जिंदगी को सफल बना सकते है तथा आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार कर सकते है।

हकेंवि के 2 विद्यार्थी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चयनित

महेंद्रगढ़, 11 जनवरी (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 2 विद्यार्थियों का चयन 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि विश्वविद्यालय के 2 स्वयंसेवकों राधिका और राकेश का चयन 12 से 16 जनवरी तक हुबली धरवाड़ कर्नाटक में आयोजित होने वाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2023 के लिए हुआ

स्वयंसेवक राकेश और राधिका

है। उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

प्रो. चहल ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विद्यार्थियों का चयन हम सभी के लिए गर्व की बात है। ऐसे अवसर विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हैं।

हकेवि में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेड क्रॉस के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा लोगों को सशक्त करने का एक मौलिक स्रोत है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन तथा भारत को विश्व स्तरीय पहचान दिलवाने में उनके योगदान से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए मार्गदर्शन : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेडक्रॉस के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा लोगों को सशक्त करने का एक मौलिक स्रोत है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन तथा भारत को विश्व स्तरीय पहचान दिलवाने में उनके योगदान से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत, युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वदेशी मशीन से पर्यावरण होगा शुद्ध, ई रिक्शा की तरह दौड़ेगा यंत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

नारनौल। अब स्वदेशी मशीन से पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकेगा। जी हां हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के रसायन विभाग विभाग के सीनियर प्रोफेसर हरीश कुमार ने दूषित हवा को साफ करने का यंत्र बनाया है। यह यंत्र दूषित वायु को खींचकर शुद्ध हवा देगा। यह ई-रिक्शा की तरह है।

प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि उनका लक्ष्य एक ही है कि किस तरह पर्यावरण को आने वाली पीढ़ी के लिये साफ व स्वच्छ बनाया जाये। यह उनका पर्यावरण स्वच्छ रखने में एक छोटा सा प्रयास है।

यह यंत्र पर्यावरण से कोहरा अलग करके उसमें से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करके सोडियम कार्बोनेट में परिवर्तित करेगा। इसके अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड गैस व अनबर्नट हाइड्रोकार्बन को अलग करेगा। इससे प्रदूषित वायु से होने वाली बीमारी से निजात मिलेगी। प्रोफेसर हरीश कुमार ने कहा कि इस तरीके को भारत सरकार की तरफ से पेंटेट भी मिला है। वो इस प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर करने के लिये भारत सरकार से आगे की बात कर रहे है।

प्रो. हरीश कुमार द्वारा बनाया गया यंत्र। संवाद

ये होंगे फायदे

- जब वातावरण ही साफ स्वच्छ होगा तो फिर किसी प्रकार की दुर्घटना भी नहीं होगी
- पराली जलाने की समस्या से निजात मिलेगी
- महानगरों में प्रदूषित वातावरण से भी निजात मिलेगी।
- पीक अवर में इस यंत्र को सड़कों आदि पर घूमा दिया जाये तो फिर वहां पर भी प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी।
- इस यंत्र को जहां पर भी प्रदूषण की समस्या ज्यादा है वहां पर लगाया जा सकता है। फिर चाहे वह औद्योगिक क्षेत्र हो या फिर कल कारखाने या व्हीकल जाम वाला स्थान।
- लोगों को दमा, एलर्जी, आंखों में जलन जैसी बीमारियों से मुक्ति मिलेगी।

यंत्र को बनाने में 7 से 8 महीने का समय लगा

प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि इस यंत्र को बनाने में 7 से 8 महीने का समय लगा है। इस पर लगभग एक लाख रुपये का खर्चा आया है। यह देखने में ई-रिक्शा जैसा लगता है और वजन 450 किलोग्राम है। इसमें तीन पहिए लगे हैं और तीन से चार लोग इसमें बैठ भी सकेंगे। इसकी छत पर सौर उर्जा की प्लेट लगाई गई है। एक बार चार्ज होने पर यह लगभग 150 किलोमीटर तक चलेगा। जैसे ही यह रोड पर चलेगा दूषित वायु को अवशोषित कर लेगा और शुद्ध वायु छोड़ेगा। यह यंत्र दिन के समय सौर उर्जा और रात के समय रिचार्ज वाली बैटरी से चलेगा। इस यंत्र को बनाने पर एक लाख रुपये खर्चा आया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस यंत्र को अगर बड़े पैमाने पर बनाया जाये तो फिर इसकी कीमत आधी से भी कम भी हो सकती है।

समाज हित में है शोध : प्रो. टंकेश्वर कुमार

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह शोध समाज हितायं है तथा आमजन को पर्यावरण की समस्याओं से मुक्ति दिलाने वाला है। इस शोध की बड़ी बात यह है कि इससे हम पराली रूपी जो खतरनाक धुआं है उससे भी मुक्ति मिलेगी। यह यंत्र आसमान से दूषित हवा को सोखने का कार्य करेगा। इससे न केवल पर्यावरण साफ होगा बल्कि सोडियम कार्बोनेट का बड़े पैमाने पर उत्पादन करके आम जिंदगी में डिटर्जेंट, साबुन, कागज आदि में भी प्रयोग कर सकते हैं।

दूषित वायु को साफ करने के ये हैं पांच चरण

1. माइक्रो फोल्ट्रेशन- इस फिल्ट्रेशन के तहत पत्ते, हवा में उड़ रही घास फूस तथा बड़े कणों को फिल्टर किया जाएगा।
2. नेनो फोल्ट्रेशन- इसके तहत सूक्ष्म कण (धूल, राख, धुआं) को फिल्टर किया जाएगा।
3. कैमिकल ट्रीटमेंट- कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर सोडियम कार्बोनेट में बदला जाएगा। सोडियम कार्बोनेट का प्रयोग डिटर्जेंट, साबुन, कागज आदि में प्रयोग किया जाता है, इसको बाजार में बेचकर आमदनी भी हो सकती है।
4. दूषित हवा को लिक्विड कार्बडाइन ऑक्साइड से पास किया जाएगा।
5. दूषित हवा को लिक्विट नाइट्रोजन से पास किया जाएगा।

हकेवि में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर हुआ कार्यक्रम

महेंद्रगढ़ | हकेवि, महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेड क्रॉस के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुआ । कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। विवेकानंद जी के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

स्वामी का जीवन मार्गदर्शन का स्रोत : टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेडक्रास के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत ज़रूरी है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन तथा भारत को विश्व स्तरीय पहचान दिलवाने में उनके योगदान से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंवि प्रवक्ता

हकेवि में एआईसीटीई के सहयोग से एफडीपी की हुई शुरूआत

- कुलपति बोले शिक्षण व अनुसंधान के विस्तार में उपयोगी होगा एफडीपी

आज समाज नेटवर्क

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) एकेडमी द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन व ऑफलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि इस तरह के आयोजनों को शिक्षकों के लिए उपयोगी बताया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से

हकेवि में एफडीपी को संबोधित करते डॉ. राकेश कुमार।

अर्जित ज्ञान शिक्षण व अनुसंधान के नए आयामों के विस्तार में मदद प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से 9 जनवरी से 14 जनवरी तक संचालित करने के बाद अब 16 जनवरी से 20 जनवरी तक ऑफलाइन माध्यम से संचालित होगा। आयोजन के उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सह-आचार्य प्रो. प्रदीप मित्तल ने विषय की बारीकियों से अवगत कराया। इसी क्रम में उन्होंने प्रतिभागियों को समय के अनुरूप शिक्षण व अनुसंधान की उपयोगिता का महत्त्व भी समझाया।

विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्पीच प्रोसेसिंग के स्तर पर नए बदलावों, स्पीच क्वालिटी के मूल्यांकन, मशीन लर्निंग आदि महत्त्वपूर्ण विषयों के स्तर पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में डॉ. बिनय कुमार रे, अनंत बारा, डॉ. नितिन गोयल, सुश्री संगीता व डॉ. हेमलता महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। आयोजन में स्वागत भाषण स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विशाल पसरीचा ने दिया।

शिक्षा

कुलपति बोले- शिक्षण व अनुसंधान के विस्तार में उपयोगी होगा एफडीपी

एआईसीटीई के सहयोग से एफडीपी की हुई शुरूआत

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) एकेडमी द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन व ऑफलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया गया। आयोजन के औपचारिक उद्घाटन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से अर्जित ज्ञान शिक्षण व अनुसंधान के नए आयामों के विस्तार में मदद प्रदान करता है।

कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से 9 से 14 जनवरी तक संचालित करने के बाद अब 16 से 20 जनवरी तक ऑफलाइन माध्यम से संचालित होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहआचार्य प्रो. प्रदीप मित्तल ने विषय की बारीकियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में संबोधित करते डॉ. राकेश कुमार। संवाद

विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में स्पीच प्रोसेसिंग के स्तर पर नए बदलावों, स्पीच क्वालिटी के मूल्यांकन, मशीन लर्निंग आदि महत्वपूर्ण विषयों के स्तर पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में डॉ. बिनय कुमार रे, अनंत बारा, डॉ. नितिन गोयल, संगीता व डॉ. हेमलता महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। आयोजन में स्वागत भाषण स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विशाल पसरीचा ने दिया।

ममता शर्मा के काव्य संग्रह समय और मैं का हुआ विमोचन

मंडी अटेली। राज ऋषि भतृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव ने ममता देवी शर्मा द्वारा लिखित काव्य संग्रह समय और मैं का विमोचन किया। इस रचनात्मक कार्य के लिए कुलपति ने ममता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ममता शर्मा ने बताया कि उनकी इस उपलब्धि के पीछे उनके पति डॉ. अश्वनी कुमार का प्रोत्साहन व लेखन के प्रति सकारतात्मक दृष्टिकोण रहा है। फतेहाबाद के हिंदी प्रोफेसर डॉ. भरत लाल की प्रेरणा संजीवनी का काम करती रही। इस अवसर पर बाबा खेतानाथ महिला विद्यापीठ समिति सचिव बस्तीराम एडवोकेट, निदेशक डॉक्टर करण सिंह यादव, उप सचिव कर्नल अशोक यादव, प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार यादव, डॉ. विद्या धर्मवीर विद्यार्थी, शिक्षाविद महावीर प्रसाद व डॉ. पूनम चौधरी उपस्थित रहीं। संवाद

एआईसीटीई के सहयोग से हकेवि में एफडीपी शुरू शिक्षण व अनुसंधान के विस्तार में रहेगा उपयोगी

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

स्पीच प्रोसेसिंग के स्तर पर आए नए बदलावों, स्पीच क्वालिटी के मूल्यांकन जैसे विषयों पर करेंगे ट्रेंड

हकेवि महेंद्रगढ़ के कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) एकेडमी द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन व ऑफलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि इस तरह के आयोजनों को शिक्षकों के लिए उपयोगी बताया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से अर्जित ज्ञान शिक्षण व अनुसंधान के नए आयामों के विस्तार में मदद प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से 9 जनवरी से 14 जनवरी तक संचालित करने के बाद अब 16 जनवरी से 20 जनवरी तक ऑफलाइन माध्यम से संचालित होगा। आयोजन के उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सह-आचार्य प्रो. प्रदीप मित्तल ने विषय की बारीकियों से अवगत कराया। इसी क्रम में उन्होंने प्रतिभागियों को समय के अनुरूप शिक्षण अनुसंधान की उपयोगिता का महत्त्व भी समझाया। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्पीच प्रोसेसिंग के स्तर पर नए बदलावों, स्पीच क्वालिटी के मूल्यांकन, मशीन लर्निंग आदि महत्त्वपूर्ण विषयों के स्तर पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में डॉ. बिनय कुमार रे, अनंत बारा, डॉ. नितिन गोयल, संगीता व डॉ. हेमलता महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। आयोजन में स्वागत भाषण स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विशाल पसरीचा ने दिया।

केंद्रीय विश्वविद्यालय में एफडीपी को संबोधित करते डॉ. राकेश कुमार।

एआईसीटीई के सहयोग से हकेवि में एफडीपी शुरू शिक्षण व अनुसंधान के विस्तार में रहेगा उपयोगी

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

स्पीच प्रोसेसिंग के स्तर पर आए नए बदलावों, स्पीच क्वालिटी के मूल्यांकन जैसे विषयों पर करेंगे ट्रेंड

हकेवि महेंद्रगढ़ के कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) एकेडमी द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन व ऑफलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि इस तरह के आयोजनों को शिक्षकों के लिए उपयोगी बताया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से अर्जित ज्ञान शिक्षण व अनुसंधान के नए आयामों के विस्तार में मदद प्रदान करता है।

